दिनांक 03.05.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के निगम मुख्य कार्यालय प्रांगण में प्रातः होने वाले नियमित राष्ट्रगान के बाद आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने सौर ऊर्जा का महत्व बताते हुए कहा कि मानव शरीर को विटामिन डी की आवश्यकता होती है जिसकी पूर्ति सूर्य से होता है। विज्ञान में सौर ऊर्जा को मानव जीवन में उपयोगी बताया है आप उसका इस्तेमाल अपने दैनिक जीवन में करने लगेंगे तो उसका कृत्रिम ऊर्जा बिजली को बचा सकेंगे। हमें ज्यादा से ज्यादा प्रकृति प्रदत्त संसाधनों को उपयोग करना चाहिए। उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं टी 0पी0 लहरे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अंत में बिजली बचाने तथा सौर ऊर्जा का प्रयोग करने एवं उसका उपयोग और लोगों को भी करने हेतु प्रेरित करने का शपथ दिलवाया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''